# खाकी धारियों पर हुड़दंग बाजों ने किया हमला

## बछरावां थाना क्षेत्र का मामला | पुलिस की तहरीर पर दो पर मुकदमा दर्ज

तेजयुग न्यूज़

**रायबरेली।** होली त्योहार को शांति पूर्ण व भाईचारा कायम रखने हेतु जिन पुलिस कर्मियों को हुड़दंग बाजों से निपटने के लिए क्षेत्र में तैनात किया गया वही पुलिस कर्मी हुड़दंगियों के शिकार हो गए।

बताया जाता है कि दो बाइक सवारों ने पुलिस कर्मियों से बदसलूकी करते हुए मारपीट की आरोप है कि दबंगों ने न सिर्फ पुलिस कर्मियों की वर्दी भी फ़ाड़ दी बल्कि उनके मोबाइल भी तोड़ दिया। पुलिस ने अपने विभाग के उप निरीक्षक की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामला बछरावा थाना क्षेत्र के पूरब गांव स्थित पुलिया का है। बछरावां थाने में तैनात महेंद्र सिंह ने तहरीर दी है। होली पर्व पर शांति व्यवस्था कायम रखने लिए ड्यूटी पर तैनात थे। उनके साथ हेड कांस्टेबल विजय कृष्ण यादव आरक्षी आशीष यादव, संत राज यादव, अमित मौर्या, अमित सोलंकी के साथ ग्राम सेंहगों पूरब में नहर पुलिया पर वाहन चेकिंग कर रहे थे।



तभी मोटरसाइकिल से दो व्यक्ति अमर सिंह पुत्र शंभू दयाल व अरविंद पुत्र कल्लू निवासी सैहँगो तेज गति से बिना हेलमेट लगाए चले आ रहे थे। जब उन्हें रोका तो अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए चेकिंग कराने से मना करने लगे। उनमें से अमर सिंह ने गाली गलौज करते हुए कहा कि आज त्यौहार के दिन भी तुम चेकिंग लगाए हो। इसके बाद इन्होंने आरक्षी संत राज यादव द्वारा मोबाइल से वीडियो बनाए जाने को रोका और झटके से छीन कर पटक दिया जिससे मोबाइल टूट गया। उसके बाद आरक्षित संतराम यादव की वर्दी फाड़ कर धमकी देने लगे कि अपने गांव वालों को लेकर आते हैं और जान से मारने की धमकी देने लगे। आरक्षी आशीष यादव व आरक्षी संतराम ने उन्हें ऐसा करने से रोका तो उन दोनों ने धक्का देकर दोनों को गिरा दिया। जिससे वह चोटिल हो गए। दोनों व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की तहरीर दी गई। जिसके बाद पुलिस द्वारा इस मामले में सम्बंधित धाराओं के तहत आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया।उपरोक्त घटना से एक बड़ा सवाल उठता है कि क्या आधा दर्जन पुलिस कर्मियों के सामने दो मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति ऐसी हिमाकत कर सकते हैं और क्या पुलिस का इकबाल खत्म होता जा रहा है? फिलहाल इस मामले में दूसरे पक्ष का कोई बयान अभी आया नहीं है।

### बाइक सवार ने मारी टकर एक की इलाज के दौरान मौत, दूसरा घायल

**महाराजगंज तराई (बलरामपुर)/ पंकज मिश्र:** स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मुजहनी निवासी मनीष ने बताया कि उनके पिता दिलीप गुप्ता उम्र लगभग 57वर्ष घर के बाहर भैंस को नहला रहे थे।तभी तेज रफ्तार से आ रहे बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी ।परिजनों ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया।जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। दूसरी घटना थाना क्षेत्र के उदईपुर बदलपुर निवासी बादुल्ला ने बताया कि उनका लड़का तौसीफ उम्र लगभग 5 वर्ष घर के बाहर खेल रहा था।तभी अज्ञात बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तुलसीपुर एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# चूल्हे से उठी चिंगारी नगदी समेत घर जलकर हुआ राख

## जब तक पहुंचती फायर ब्रिगेड की गाड़ी तब तक सब कुछ हो गया था स्वाहा

तेजयुग न्यूज़

**नसीराबाद/रायबरेली :** थाना क्षेत्र के भुवालपुर सिसनी गांव में उस समय अफरा तफरी का माहौल देखने को मिला जब एक गरीब की झोपड़ी में लगी आग और देखते ही देखते पूरा घर जलकर राख हो गया। आग की लपटे इतनी तेज थी कि घर में रखा नगदी समेत पूरा सामान जलकर राख हो गया। बताते हैं कि उपरोक्त गांव में बुधवार की सुबह चूल्हे से उठी चिंगारी जो पूरे घर में आग अपने चपेट में लेकर पूरा का पूरा घर राख कर दिया मिली जानकारी के अनुसार सुबह लगभग साढ़े दस बजे सुरेश विश्वकर्मा के घर में चूल्हे पर खाना बन रहा था कि अचानक एक चिंगारी उड़कर छप्पर पर जा गिरी और देखते ही देखते आग ने पूरे घर को चपेट में ले लिया।



घर के मुखिया सुरेश की पत्नी और बच्चों की चिल गुहार पर पहुंचे गांव वालों ने पास में मौजूद इंजन चलवाकर बाल्टियों से आग बुझाने में जुट गए लेकिन जब तक आग बुझाने पर काबू पाते तब तक नगदी समेत खाने-पीने समेत सब कुछ जलकर राख हो चुका था लोग बताते हैं कि आग ने अपना इतना विकराल रूप धारण कर लिया था कि मिनटों में ही सब कुछ चलकर खाक हो गया। ग्राम प्रधान की सूचना पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल मुकेश वर्मा ने नुकसान का आकलन किया और बताया कि रिपोर्ट तहसील भेज दी जाएगी। वही मौके पर फायर बिग्रेड की गाड़ी न पहुंचने पर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा गया।

# स्नेह के रंगों की खुशबू में सराबोर हुए क्षेत्रवासी

तेजयुग न्यूज़

**ऊंचाहार/रायबरेली :** भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रांतीय मंत्री अभिलाष चंद्र कौशल के संयोजन में आयोजित होली मिलन समारोह में बुधवार को पारंपरिक परम्परा से ओतप्रोत ऐसा आयोजन हुआ , जिसमें स्नेह के रंगों की खुशबू से सभी सराबोर हो गए । ग्रामीणों ने फगुआ गीत से समा बांधा तो सभी वर्ग के लोगों ने सम्मिलित होकर एकजुटता का संदेश भी दिया। नगर से जुड़े वेदांत पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रांतीय मंत्री ने कहा कि पर्वों का संदेश सारे द्वेष मिटाकर एकजुट होने का है हमारे मन में जाने अंजाने कहीं किसी के प्रति कोई दुर्भाव पैदा हो गया हो तो उसे इन पर्वों पर मिटाकर फिर से एकसाथ हो जाए।

भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन सिंह ने कहा कि पर्व हमें प्रेम, अनुराग और भाईचारा के प्रेरणा देते हैं। हमारा गांव, हमारा समाज हमेशा एकजुट रहकर समृद्ध हो, इसीलिए समय समय पर उत्सव और उत्साह भरे पर्व आयोजित होते हैं । समारोह को नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कृष्ण चंद जायसवाल, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकुमार तिवारी ने भी संबोधित किया। क्षेत्र के सावापुर गांव की टोली ने फगुआ गीत गाया जिसे सभी ने खूब पसंद किया।

इस मौके पर प्रमुख रूप से मनीष कौशल, राजेंद्र पासी, सुधीर गुप्ता बीडीसी, गुडडन यादव, विजय पाल, सुनील जयसवाल, बलि यादव, गेंदराज यादव, अर्जुन पासी, राहुल पासी, विनीत मिश्रा, भोला यादव, लालबहादुर पासी, बालकरन पटेल, संदीप पटेल, वाल्मिक यादब, फिरोज, मुकेश पासी, रामगुलाम पासी, राजू गुप्ता, इंद्रपाल पासी, अमरजीत पासी, चेतु पासी, रामरतन पासी, राजेन्द्र सैनी, शिव गोपाल साहू, अरविंद शर्मा, ज्ञानेंद्र यादव, विजय यादव आदि मौजूद रहे।

# 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान



तेजयुग न्यूज़/पंकज मिश्र

**महराजगंज तराई (बलरामपुर) :** एक से 30 अप्रैल तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण माह और दस्तक अभियान के संबंध में खंड विकास अधिकारी तुलसीपुर राजीव मोहन त्रिपाठी ने विकास खंड तुलसीपुर के मुख्यालयकौवापुर में अभियान की शत प्रतिशत सफलता के लिए बैठक आयोजित की। खंड विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायत सचिव,सफाईकर्मी व पंचायत सहायक को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सभी लोग मिलकर संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाएं। साथ ही इस बार अधिक गर्मी पड़ने की संभावना को देखते हुए हीट वेब इलनेस पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाए जिससे लोग पड़ने वाली अधिक गर्मी के दौरान सतर्क रहें।

साथ ही जनसामान्य से अपील करते हुए कहा कि अपने घर के आस पास कहीं भी जलभराव न होने दें पानी भरे हुए स्थान पर मिट्टी डाल दें जिससे मक्षरों को पनपने का मौका नहीं मिलेगा द्य साथ ही कहा कि गर्मी के मौसम में घर से निकलते समय छाता का प्रयोग करें और जरुरत होने पर ही घर से बाहर निकलें। सहायक विकास अधिकारी पंचायत कृष्ण कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि 1 अप्रैल से शूरू होने वाले संचारी रोग नियंत्रण माह की पूरी तैयारी कर ली गई है। संचारी रोग नियंत्रण माह 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक एवं 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। इस मौके पर सहायक खंड विकास अधिकारी सुनील आर्य, जेई राजू कुमार, ग्राम विकास अधिकारी प्रदीप वर्मा, श्याम लाल, दिनेश कुमार,अनिल कुमार, उदय राज, कौशल किशोर, धर्मेंद्र सिंह, राजेश तिवारी, अनिल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### अवैध शस्त्र रखने के मामले में कोर्ट ने आरोपी को किया दंडित

**हापुड़/अनुज चौधरी :** पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र रखने के मामले में अभियुक्त को प्रभावी पैरवी के चलते माननीय न्यायालय द्वारा अर्थदण्ड से दंडित किया। वर्ष 2019 में अभियुक्त पप्पू सिंह पुत्र रिवा सिंह द्वारा अवैध शस्त्र रखना पाया गया था, जिसके सम्बन्ध में अभियुक्तगण के विरुद्ध आर्मस एक्ट थाना बहादुरगढ़ पर पंजीकृत किया गया था। उक्त मुकदमे में अभियुक्त को गिरफ्तार कर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही करते हुए हापुड़ पुलिस द्वारा आरोप पत्र माननीय न्यायालय में प्रेषित किया गया था। इसी क्रम में आज माननीय न्यायालय द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को 5,000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

## अज्ञात कारणों से लगी आग में नगदी सहित गृहस्थी का सामान जलकर राख

तेजयुग न्यूज़/पंकज मिश्र

**महराजगंज तराई (बलरामपुर) :** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बदलपुर के मजरे छतुवापुर निवासी बाबादीन ने बताया कि रात करीब 9 बजे अज्ञात कारणों से घर में आग लग गई। जिसमें घर में रखा नगदी 70 हजार व कपड़ा अनाज सहित घर गृहस्थी जलकर राख हो गई।ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया । उन्होंने बताया कि गांव के बाहर वह अपना नया घर बनवा रहे थे। इसलिए सारा सामान गांव में बने घर पर रखा था जो सब जलकर राख हो गया। क्षेत्रीय लेखपाल विनोद वर्मा ने बताया है कि क्षति का आकलन करके रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है।



## संक्षिप्त समाचार

### जल निगम के प्लास्टिक पाइप में लगी आग, लाखों का नुकसान



**उतरौला (बलरामपुर) :** राजा बाजार से फगुईया जाने वाली रोड के किनारे कुंडवा सुभाष नगर में रखे जल निगम के पाइप में आग लग जाने से कई बंडल पाइप जलकर राख हो गए जिससे लाखों का नुकसान हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हर घर में पानी पहुंचाने के उद्देश्य से जगह-जगह पर जल प्रवाह के लिए भूमिगत बिछाये जा रहे पाइप को ग्राम अल्ला नगर में बिछाया जाना था। ठेकेदार के मैनेजर ने बताया की तीन डीसीएम पाइप की आपूर्ति गई थी जिसमें किसी कारण बस पाइप के ढेर में आग लग गई जिससे कुछ ही देर में एक डीसीएम पाइप जलकर राख हो गया। पुलिस और क्षेत्रीय लोगों की मदद से बाकी दो डीसीएम पाइप को वहां से हटा लिया गया। दमकल विभाग को सूचना दिया गया लेकिन अतिक्रमण के चलते काफी समय तक दमकल की गाड़ी बीच रास्ते में ही फंसी रही। समाचार लिखे जाने तक आग लगने का कारण नहीं पता चल पाया है । लेकिन पाइप को कूड़े के पास उतारना यह एक यक्ष प्रश्न है । जबकि आम जनमानस यह जानता है कि कूड़े को जलाने के लिए कहीं ना कहीं से धुवां सुलगता रहता है।

### पिलखुवा पुलिस ने एससी/एसटी एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



**हापुड़ :** हापुड पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना पिलखुवा पुलिस ने थाने के मु0अ0सं0 145/2024 धारा 377,506 भादवि, 5एम/6 पॉक्सो एक्ट व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

### कसौधन समाज उतरौला का स्वजातीय होली मिलन समारोह 28 मार्च को

**उतरौला (बलरामपुर) :** कसौधन समाज उतरौला के द्वारा स्वजातीय होली मिलन समारोह का आयोजन स्थानीय रेडियंट पब्लिक स्कूल आर्य नगर में गुरुवार दिनांक 28.3.24 को शाम 7 बजे आयोजित किया गया है। जिसमें सभी कसौधन स्वजातीय बंधुओं को आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी कसौधन समाज के अध्यक्ष भरत कसौधन ने दी।

### बाबूगढ़ पुलिस ने एक युवक को क्या गिरफ्तार कब्जे से अवैध छुरी बरामद



**हापुड़ :** हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना बाबूगढ़ पुलिस ने थाने के से सम्बन्धित अभियुक्त को किया गिरफ्तार, जिसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध छुरी बरामद।

# अपर जिला जज/सचिव ने किया राजकीय बाल सप्रेक्षण गृह (किशोर) का निरीक्षण



तेजयुग न्यूज़/अनुज चौधरी

**हापुड़ :** माननीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों के अनुपालन में आज श्रीमती छाया शर्मा अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हापुड़ द्वारा बुलन्दशहर में स्थित राजकीय बाल सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बाल सम्प्रेक्षण गृह में कुल 53 किशोर रखे गये हैं, जिसमें से जनपद हापुड़ के कुल 12 किशोर बुलन्दशहर राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) में रखे गये है।

निरीक्षण के दौरान श्री रमेश कुमार यादव सहायक अधीक्षक, राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर), बुलन्दशहर द्वारा बताया गया कि सम्प्रेक्षण गृह में कुल दो फ्लॉर है, जिनमें प्रत्येक फ्लॉर में 6-6 रूम है तथा 6 रूम मे बच्चों को रखा जाता है। निरीक्षण के दौरान सभी किशोर / अपचारी अपने-अपने रूमों में पाये गये। निरीक्षण के दौरान किशोर / अपचारियों से खान-पान व अन्य समस्याओं की जानकारी की गई, तो किशोर/अपचारी रितिक द्वारा बताया गया कि उससे कोई मिलने नहीं आता है व उसे सरकारी वकील मिला अथवा नहीं जानकारी नहीं है। किशोर/अपचारी यशपाल, दीप मंडल, अनस, रंजीत उर्फ अनिकेत व सागर द्वारा बताया गया कि बेल की जानकारी नहीं है।

प्रिन्स व साजेब उर्फ साजिद द्वारा बताया गया कि उनकी पैशी नहीं आ रही है व किशोर/अपचारी शिवम द्वारा जुर्म इकबाल हेतु प्रार्थना की गयी। निरीक्षक दौरान जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि किशोर/अपचारियों की पैशी कराये जाने एवं उनकी जमानत एवं जुर्म इकबाल के संबंध में उचित कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान दोपहर के भोजन के रूप में दाल, चावल, पत्ता गोभी, रोटी, अचार आदि पाये गये। निरीक्षण के दौरान राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर), बुलन्दशहर में बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बारे में पूछा गया, तो सहायक अधीक्षक, राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर), बुलन्दशहर द्वारा बताया गया कि सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) में किसी नियमित डॉक्टर की तैनाती नहीं की गयी है, लेकिन डॉक्टर श्री ओमप्रकाश व डॉक्टर श्री अरुण कुमार (फार्मासिस्ट) द्वारा साप्ताहिक विजिट की जाती है। निरीक्षण के दौरान प्रवक्ता अर्थशास्त्र डॉ. नरेश कुमार, सहायक अध्यापक श्री ज्ञानेन्द्र कुमार आदि व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से पराविधिक स्वंयसेवक तरू त्यागी व गुंजन कश्यप उपस्थित रहें।

डॉक्टरों की टीम ने की मुख्तार की जांच

### उम्र व रोजे की वजह से बिगड़ी थी हालत, चिप्स-कुरकुरे का शौकीन है माफिया

**बांदा :** रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज से माफिया मुख्तार अंसारी को सीधे उसके बैरक में ले जाया गया। जहां बुधवार को जिला अस्पताल के डॉक्टरों की टीम ने उसकी सेहत की जांच की। डॉक्टरों ने बताया कि फिलहाल मुख्तार को पहले से आराम है और सेहत में सुधार भी हो रहा है। डॉक्टरों ने बताया मुख्तार को जरूरी दवाएं दी जा रहीं हैं और उसकी सेहत पर पूरी नजर रखी जा रही है। कुछ समय पूर्व बाराबंकी कोर्ट में वर्चुअल पेशी के दौरान मुख्तार ने न्यायाधीश से बांदा जेल में चिप्स, कुरकुरे व फल जिसमें लखनऊ के आम खाने के लिए उपलब्ध कराने की मांग की थी। माना जा रहा है कि कुछ ऐसी ही चीजों का अधिक सेवन करने से उसकी हालत बिगड़ी होगी। डॉक्टरों की माने 63 साल की उम्र में मुख्तार के पेट की आंतों की सक्रियता काफी कम हो गई है। उस पर दिन भर रोजा रहने के बाद कुछ अधिक खा लेने से ही उसे पेट दर्द और कब्ज की शिकायत हुई थी। इसी वजह से गैस का पास होना भी बंद हो गया था। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। जेल सूत्रों की मानें तो मेडिकल कॉलेज से लौटने के बाद मुख्तार से मिलने में पाबंदी लगा दी गई है। आदेश हैं कि कोई भी व्यक्ति आठ दिनों तक मुख्तार से जेल में मुलाकात नहीं कर सकता है। यही वजह थी कि बुधवार को भी उसके घर से भी कोई नहीं मिलने के लिए पहुंचा।

# माहे रमजान में जगह-जगह रोजा इतार का आयोजन

तेजयुग न्यूज़/आलोक गुप्ता

**उतरौला (बलरामपुर) :** रमजान के इस पाक महीने में एक तरफ रोजेदारों द्वारा दिन भर बड़े ही यकीदत के साथ रोजा रखा जाता है वहीं दूसरी तरफ बड़े ही उत्साह के साथ इफ्तार का कार्यक्रम भी किया जा रहा है। रोजा इफ्तारी से पहले सभी रोजेदारों ने रब की बारगाह में हाथ उठाकर दुआ ए इफ्तार पढ़ा तीसों रोज़ा रखने, मुल्क में अमन चैन, व खुशहाली की दुआ मांगते है।




इसी क्रम में लालगंज स्थित एक प्रतिष्ठित व्यवसाई के यहां रोजा इफ्तार का कार्यक्रम किया गया जिसमें मगरिब की अजान सुनते ही सभी रोजेदारो ने एक साथ रोजा इफ्तार किया। अमन,औन समेत सभी परिवारीजन रोजेदारों की खिदमत में लगे रहे। रोजा इफ्तार आयोजकों द्वारा रोजेदारों के रोजा इफ्तार करने के बाद नमाज अदा करने का विशेष इंतजाम किया गया था। अल जामियातुल गौसिया अरबी कॉलेज के मुफ्ती मसीहुद्दीन हशमति ने इमामत करते हुए मगरिब की नमाज अदा कराई।

प्रतिष्ठित व्यवसाई डॉ इकबाल ने कहा कि रहमतों व बरकतों से भरपूर रमजान-उल-मुबारक का यह पाक महीना अपने दूसरे अशरे में चल रहा है। रोज़ा इफ्तार में मौजूद उलेमाओं ने कहा कि जो शख्स रोजेदार को इफ्तार कराता है अल्लाह तबारक व ताला उस शख्स को रोजेदार के बराबर सवाब अता करता है। उसकी रोजी बढ़ा दी जाती है। उन्होंने कहा कि अल्लाह के रसूल सल्लहोअलैहे व सल्लम ने फरमाया है कि जन्नत के दरवाजों में से एक दरवाजे का नाम रेयान है। उससे सिर्फ रोजदार ही जन्नत में जाएंगे। इसलिए मुसलमानों को रोजा रखना चाहिए। ताकि वे जन्नत के हकदार बन सकें। कारी बैतुल्लाह, कारी वसीम, कारी मैनुद्दीन, मौलाना अदहम, मौलाना रेहान रजा, मेराज शाह, रिजवान शाह, मोहम्मद फिरोज, हामिद अली, नब्बू, बब्बू, सैफ शाह, अकरमुद्दीन, गयासुद्दीन, आजम, शाहिद रज़ा समेत भारी संख्या में रोजेदार मौजूद रहे।

# राजनीतिक प्रत्याशियों का अलग खाता खोलने के लिए बैंकों को दिए निर्देश

तेजयुग न्यूज़/अनुज चौधरी

**हापुड़ :** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत निर्वाचन अभ्यर्थियों के लिए निर्वाचन व्यय हेतु अलग से बैंक खाता खोले जाने, चेकबुक सुविधा, संदेहजनक लेन-देन के सम्बंध मे, एवं नकदी परिवहन मे भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों को अनुपालन कराने हेतु एलडीएम तथा अन्य सभी बैंकों के अधिकारियों की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में उप जिला निर्वाचन अधिकारी/ अपर जिलाधिकारी वि/रा. संदीप कुमार की अध्यक्षता में की गयी।



अपर जिलाधिकारी ने कहा कि सभी बैंकर्स अपने-अपने बैंक के तहत होने वाले संदेहास्पद लेनदेन को अपने नोडल अधिकारी अथवा वरिष्ठ कोषाधिकारी को रिपोर्ट करें ताकि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को धनबल के प्रभाव से मुक्त सकुशल संपन्न कराया जा सके। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को अवांछित रूप से प्रभावित करने के लिए धनबल का प्रयोग किया जा सकता है।

उन्होंने बैंकों से सख्त निर्देश दिया कि बैंकों में राजनीतिक प्रत्याशियों को चुनाव हेतु खाता खुलवाने के लिए विशेष सुविधा प्रदान करें जिससे नामांकन के दौरान राजनीतिक प्रत्याशी अपना चुनावी खाता संख्या उपलब्ध करा सके। साथ ही खाते की लेनदेन के लिए चेक बुक की सुविधा अनिवार्य रूप से उप्लब्ध कराये चूंकि राजनीतिक प्रत्याशियों को नगद लेनदेन के लिए एक सीमित धनराशि ही खर्च कर सकते हैं। बैठक के दौरान वरिष्ठ कोषाधिकारी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी श्रवण कुमार, एलडीएम, तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# श्रय रोग टीवी की रोकथाम पर हुई भाषण प्रतियोगिता, कुंजम भटनागर रही प्रथम

तेजयुग न्यूज़/अनुज चौधरी

**कांगड़ा :** कुंजम भटनागर जो की नगरोटा बगवां की रहने वाली नर्सिंग छात्र 3वां ईयर गुरु द्रोणाचार्य नर्सिंग कॉलेज योल जिला कांगड़ा में पढ़ाई कर रही है उसने उसने श्रय रोग टीवी की रोकथाम के ऊपर एक भाषण दिया उसमें काफी बच्चों ने हिस्सा लिया उसमें कुंजन भटनागर जो कि प्रथम आई यह भाषण खंड विभाग सिविल हॉस्पिटल नगरोटा बगवां में किया गया डॉक्टर रवि भारद्वाज जी ने उनको पुरस्कार से नवाजा और कुंजन भटनागर ने बोला कि टीवी रोग जो है यह बहुत बड़ी बीमारी नहीं है टाइम पर दवाई ले और डॉक्टर को चेक करवाय और इस बीमारी को नजर अंदाज न करें को उपलक्ष में एक भाषण प्रतियोगिता हुई भाषण में यह कहा कि टीवी की इस बीमारी को नजर नजर अंदाज न करें यह बीमारी मौत का कारण भी बन सकती है उसने कहा कि टाइम पर डॉक्टर को चेक करवा के इसकी दवाई ले और इसका पूरा इलाज करें।

